शहरी विकास विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रः दिल्ली सरकार
9वां तल, सी–विंग, दिल्ली सचिवालय, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली

विधायक का नाम : सुश्री भावना गौड़

दिनांक : 30.07.2021

विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या : 83

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

क्र. सं.	प्रश्न	उत्तर
क	एसडीएमसी द्वारा जनवरी 2017 से लेकर अभी तक तहबाजारी समीति की कितनी बैठक सम्पन्न करवाई गई,	**दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः**– दक्षिणी दिल्ली नगर निगम द्वारा जनवरी 2017 से लेकर अभी तक तहबाजारी समिति की बैठकों का विवरण निम्नानुसार हैः– जनवरी 2017 से मार्च 2017 : 1 वर्ष 2017–18 : 4 वर्ष 2018–19 : 3 वर्ष 2019–20 : 4 वर्ष 2020–21 : 2
ख	इन बैठको में क्या–क्या एजेंडा पास किया गया,	**दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः**– इन बैठकों में तहबाजारी से संबंधित समस्याओं पर सामान्य विचार विमर्श किया गया।
ग	पालम विधानसभा में अधिकृत एवं अनाधिकृत तौर पर तहबाजारी के तहत कितने साप्ताहिक बाजार चल रहे हैं, स्थान और बाजारों के दिन सहित ब्यौरा दें, और	**दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः**– पालम विधान सभा क्षेत्र में अधिकृत तौर पर तहबाजारी के तहत जे.जे. कॉलोनी सेक्टर–1 द्वारका (पपंनकला) में बुधवार व शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। जबकि तहबाजारी के तहत कोई भी अनाधिकृत साप्ताहिक बाजार पालम विधानसभा में नहीं चल रहे हैं। यदि कोई भी अनाधिकृत साप्ताहिक बाजार लगने की सूचना जैसे ही प्राप्त होती है उनके विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही की जाती है।
घ	क्या यह सत्य है कि पालम मेन रोड़ पर अनाधिकृत तरीके से निगम द्वारा पीले खोखे लगाकर अतिकमण किया गया ?	**दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः**– इस सन्दर्भ में यह सूचित किया जाता है कि कोई भी खोखे अनाधिकृत तौर पर पालम मेन रोड़ पर नहीं लगाया गया है। जैसे ही किसी भी अनाधिकृत खोखे की जानकारी विभाग के संज्ञान में आती है, उनके विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही की जाती है।

Deputy Secretary (Admn.)
Urban Development Deptt.
Govt. of N.C.T. of Delhi
9th Level, Delhi Sectt.
New Delhi-110002